राजकीय महाविद्यालय, देवली (टोंक)

क्रमांक:रामदे/एनसीसी/2022/

दिनांक:30/08/2022

प्रेस नोट

सत्र 2022-23 के महाविद्यालय के बी.ए., बी.कॉम. व बी.एससी.- प्रथम वर्ष के सभी नियमित विद्यार्थियों के लिए एनसीसी-प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए समूह मुख्यालय एनसीसी, कोटा द्वारा इस बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनाई जाने के आदेश हैं। विद्यार्थियों की सहायतार्थ एनसीसी अधिकारी मनोज कुमार राघव के निर्देशन में एनसीसी कक्ष में दिनांक 18 अगस्त, 2022 से लगातार एक हेल्प डेस्क कार्यरत है जो विद्यार्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से संबंधित सभी जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि इस बार एनसीसी-प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए एनसीसी निदेशालय के निर्देशानुसार समूह मुख्यालय, कोटा व यूनिट 14 राज. बटालियन द्वारा **https://ncc.php-staging.com** एवं **https://ncc.auto.gov.in** नामक यू आर एल के माध्यम से विद्यार्थी द्वारा स्वयं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनाई जाने के निर्देश हैं ताकि प्रत्येक विद्यार्थी स्वेच्छा से बिना किसी बाधा के स्वयं का रजिस्ट्रेशन कर सके। यूनिट 14 राज बटालियन एनसीसी कोटा द्वारा जून, 2022 में आयोजित सेमिनार में प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस बार एनसीसी-प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने के बाद लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार के चरण सुनिश्चित किए गए हैं।कभी भी एनसीसी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल बंद करने से संबंधित निर्णय यूनिट बटालियन एनसीसी,कोटा के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है।

प्राचार्य

Scanned by CamScanner